Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to open a Navodaya Vidyalaya in Udaipur, Rajasthan.

श्री अर्जुन लाल मीणा : महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय शिक्षा मंत्री जी का ध्यान उदयपुर (राजस्थान) में नवोदय विद्यालय खोलने की तरफ आकृष्ट कराना चाहता हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र में एक भी नवोदय विद्यालय नहीं है । उदयपुर जिले के मावली विधान सभा में जो नवोदय विद्यालय है, वह चित्तौड़गढ़ संसदीय क्षेत्र में आता है ।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में खेरवाड़ा, सलूम्बर, झाड़ोल नामक स्थान हैं, इनमें से किसी भी क्षेत्र में एक नवोदय विद्यालय खोला जाए, ऐसा मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं ।